# क्षेत्रीय कार्यालय

**राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल**
**जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,**
**श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)**

रा.प्र.नि.मं. / क्षे.का.(भरतपुर) / सामान्य–299 / 816

दिनांक 16.07.25

मैसर्स श्री प्रमोद गर्ग,
खनन पट्टा संख्या 03 / 2018
निकट ग्राम तिलउआ,
तहसील सरमथुरा, जिला धौलपुर

**विषय** : दिनाँक 16.07.2025 को आयोजित की जाने वाली पर्यावरण स्वीकृति हेतु जन सुनवाई के स्थगन बाबत्।

**सन्दर्भ** : जिला कलक्टर, धौलपुर का पत्र क्रमांक सामान्य / 1552 दिनांक 16.07.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि मैसर्स श्री प्रमोद गर्ग, बलुआ पत्थर (लघु खनिज), खनन परियोजना पट्टा संख्या 03 / 2018 निकट ग्राम तिलउआ तहसील सरमथुरा जिला धौलपुर क्षेत्रफल 1.00 हैक्टेयर प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 2,63,625 टन प्रतिवर्ष (ROM) कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 12.00 हैक्टेयर (कुल 12 खनन परियोजनायें) कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता – 6,41,081.6 टन प्रतिवर्ष के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु **दिनांक 16.07.2025 (बुधवार) को प्रातः 11.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, बसेडी, तहसील बसेडी जिला धौलपुर** में आयोजित की जानी थी। उक्त जन सुनवाई को कार्यालय जिला कलक्टर, धौलपुर के संदर्भित पत्र द्वारा अपरिहार्य कारणों से अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है।

भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनाँक 14.09.2006 के अनुसार जन सुनवाई स्थगन हेतु इस आशय की सूचना दिया जाना आवश्यक है। अतः संलग्न प्रारूप में जन सुनवाई स्थगन हेतु **"आम सूचना"** एक मुख्य दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र एवं एक क्षेत्रीय भाषा के दैनिक समाचार पत्र में आगामी दिनाँक 17.07.2025 को प्रकाशित कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.म., भरतपुर

**प्रतिलिपि** :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है :–

1 कार्यालय जिला कलक्टर, धौलपुर।
2 प्रभारी (खनन शाखा) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, 04–संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।
3 ए.सी.पी., राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, जयपुर को भेजकर निवेदन हैं कि इसे वेब साईट पर दर्शाने का श्रम करवायें।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.मं., भरतपुर

RajKaj Ref No.: 16601503
eSign 1.0

Signature valid
Digitally signed by Umesh Kumar
Designation: Environmental Engineer
Date: 2025.07.16 18:22:57 IST
Reason: Approved

# क्षेत्रीय कार्यालय

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मंडल
जिन्दल हॉस्पीटल के पीछे,
श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर, भरतपुर (राज)

रा.प्र.नि.मं. / क्षे.का.(भरतपुर) / सामान्य–299 / 816 दिनांक :– 16.07.25

## "पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु जन सुनवाई स्थगन के लिए आम सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 के प्रावधान के अनुसार मैसर्स श्री प्रमोद गर्ग, बलुआ पत्थर (लघु खनिज), खनन परियोजना पट्टा संख्या 03/2018 निकट ग्राम तिलउआ तहसील सरमथुरा जिला धौलपुर क्षेत्रफल 1.00 हैक्टेयर प्रस्तावित उत्पादन क्षमता 2,63,625 टन प्रतिवर्ष (ROM) कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 12.00 हैक्टेयर (कुल 12 खनन परियोजनायें) कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता – 6,41,081.6 टन प्रतिवर्ष के लिये पर्यावरण स्वीकृति हेतु **दिनांक 16.07.2025 (बुधवार) को प्रातः 11.00 बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, बसेडी, तहसील बसेडी जिला धौलपुर** में जन सुनवाई नियत की गयी थी। उक्त जन सुनवाई कार्यालय जिला कलक्टर, धौलपुर के पत्र क्रमांक सामान्य/1552 दिनांक 16.07.2025 द्वारा अपरिहार्य कारणों से अग्रिम आदेशों तक स्थगित कर दी गयी है।

चूँकि मण्डल को उक्त परियोजना हेतु पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 (ई) दिनांक 14.09.2006 एवं समय–समय पर संशोधनों के प्रांवधानों के अनुसरण में जन सुनवाई स्थगन हेतु इस आशय की सूचना दी जानी अनिवार्य है।

क्षेत्रीय अधिकारी
रा.प्र.नि.मं. भरतपुर

RajKaj Ref No.:
16601503
eSign 1.0

Signature valid

Digitally signed by Umesh Kumar
Designation: Environmental
Engineer
Date: 2025.07.16 18:22:57 IST
Reason: Approved